# Bihar Administrative Service Association


North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

**Shashank Shekhar Sinha**
**President**
Mob. No.- 9334118192

सत्यमेव जयते

**Anil Kumar**
**General Secretary**
Mob. No.- 9431409463

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No 93 Date 11-10-2020

दिनांक–27.09.2020 को केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए एवं सदस्यों को संसूचित निर्णय के आलोक में आज दिनांक–11.10.2020 को बासा भवन में 11:00 बजे पूर्वाह्न से डिजिटल माध्यम से वर्चुअल वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें 240 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। उक्त बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की डिजिटल उपस्थिति पंजी कार्यवाही पंजी में संलग्न है। यह एक अनूठा प्रयास था, जिसकी सराहना अधिकांश सदस्यों ने की। Pandemic Act के प्रभावी रहने के कारण आज भी 100 से अधिक संख्या के साथ सभा करने पर राज्यादेशानुसार प्रतिबंध है। ज्ञातव्य हो कि यह प्रतिबंध कब तक जारी रहेगा, यह अनिश्चित है। अतः उपविधि के प्रावधानों के अनुसार बाध्यकारी वार्षिक आम सभा कराना आवश्यक था।

उक्त आम सभा को मुख्य रूप से निम्न वक्ताओं ने संबोधित किया ;

(1) श्री सुनील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष
(2) श्री गोपाल शरण, संयुक्त सचिव
(3) श्री अजय कुमार, उपाध्यक्ष
(4) श्री सुबोध कुमार, संयुक्त सचिव
(5) श्रीमती मोना झा, संयुक्त कोषाध्यक्ष
(6) श्रीमती नीलम चौधरी, सदस्य
(7) श्रीमती एकता वर्मा, सदस्य
(8) श्री रजनीश कुमार सिंह, सदस्य
(9) श्री सत्य प्रकाश मिश्र, सदस्य
(10) श्री परवेज आलम, सदस्य
(11) श्री राजीव शंकर, सदस्य
(12) श्री शम्भु कुमार, सदस्य
(13) श्री सुधांशु कुमार चौबे, सदस्य
(14) श्री किशोर कुमार, सदस्य
(15) सुश्री अमृता ओशो, सदस्य
(16) श्री संजीव कुमार सज्जन, सदस्य

(17) श्री अरूण कुमार सिंह, सदस्य
(18) श्रीमती कनक बाला, सदस्य
(19) श्री शिशिर मिश्रा, सदस्य

उक्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गए ;

(1) सर्वप्रथम विगत आम सभा में लिये गये निर्णय की सम्पुष्टि सर्वसम्मति से की गई।

(2) श्री सुनील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष ने वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन पटल पर रखते हुए वार्षिक आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

(3) श्री अनिल कुमार, महासचिव ने आम सभा में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(4) अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कतिपय सदस्यों द्वारा लिखित रूप से आम सभा के डिजिटल आयोजन को स्थगित किए जाने के आग्रह का बिन्दुवार विस्तृत रूप से जवाब दिया तथा सभी सदस्यों को इस आम सभा में भाग लेने हेतु धन्यवाद देते हुए यह आश्वासन दिया कि :–

(क) संघ के क्रियाकलापों को पारदर्शी एवं नियमानुसार चलाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

(ख) Pandemic Act के निष्प्रभावी होने के बाद अथवा 100 से अधिक संख्या के साथ सभा कराने के प्रतिबंध की समाप्ति के उपरान्त आगामी सामान्य वार्षिक आम सभा का आयोजन नियत समय पर किया जाएगा।

(5) दिनांक–17.02.2020 को केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की सम्पुष्टि की गई।

(6) श्री मोईजुद्दीन, उपाध्यक्ष ने प्रथम डिजिटल/वर्चुअल वार्षिक आम सभा के आयोजन से जुड़े तथा भाग लेने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की।

11/2/2020

(शशांक शेखर सिन्हा)